| Question Booklet Number<br>प्रश्न पुस्तिका संख्या |
|---|
| |

# TEST CODE : B

**Candidate's Roll Number / अभ्यर्थी का रोल नम्बर**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

*Time Allowed : **1** Hour **45** Minutes* — *Total Questions : **100*** — *Maximum Marks : **100***

*समय : **1** घण्टा **45** मिनट* — *कुल प्रश्न : **100*** — *अधिकतम अंक : **100***

**KINDLY READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS BEFORE ATTEMPTING THIS QUESTION PAPER**

**इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया निम्नलिखित निर्देशों को पढ़ें**

**1.** This Question Booklet contains **100** questions with weightage of **1** mark for each question.

**2.** Before attempting the question paper, kindly check that this booklet has total **24** pages and OMR Answer Sheet is in triplicate. At the start of the examination within the first five minutes, candidates are advised to ensure that all pages of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed and Question Booklet is not damaged in any manner.

**3.** The OMR Answer Sheet consists of three copies, the original copy, the commission copy and the candidate's copy. Do not separate or displace them. Do not darken the bubbles in three copies of OMR Answer Sheet separately. Candidate must hand over the OMR Answer Sheet without separating the three copies to the invigilator at the end of the examination. Invigilator will hand over the candidate's copy after separating it. The candidates are allowed to take away this Question Booklet with them.

**4.** Please ensure that the Question Booklet Number and OMR Answer Sheet Serial No. match with each other. In case of any discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of Question Booklet and OMR Answer Sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.

**5.** All the necessary particulars on the OMR Answer Sheet should be filled carefully. Change of OMR Answer Sheet is not permitted.

**6.** Do not forget to write your Roll Number on the top of this Question Booklet and OMR Answer Sheet. Do not tear or fold any page of the Question Booklet and OMR Answer Sheet.

**7.** Candidate has to fill one option compulsorily out of the five options given. If a candidate does not know the answer, then he/she has to fill the fifth option (option Ⓔ). Extra five minutes will be given to mark the fifth option, No marks will be awarded against the fifth option as it indicates that the candidate has not attempted that question.

**1.** इस प्रश्न पुस्तिका में **100** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1** अंक होगा।

**2.** प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले कृपया जाँच लें कि इस पुस्तिका में कुल **24** पृष्ठ हैं और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की तीन प्रतियाँ हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा प्रारंभ होते ही पाँच मिनट के अंदर सुनिश्चित कर लें कि आपकी प्रश्न पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के सभी पृष्ठ अच्छी तरह छपे हुए हैं और प्रश्न पुस्तिका को किसी भी प्रकार से क्षति नहीं पहुँची है।

**3.** ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की तीन प्रतियाँ हैं, मूल प्रति, आयोग प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति। इन्हें अलग-अलग न करें। ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की तीनों प्रतियों में गोलों को अलग-अलग काला न करें। अभ्यर्थी परीक्षा समाप्त होने पर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की तीनों प्रतियों को अलग किए बिना पर्यवेक्षक को सौंप देंगे। पर्यवेक्षक द्वारा अभ्यर्थी प्रति अलग करके उन्हें दे दी जाएगी। अभ्यर्थी अपने साथ इस प्रश्न पुस्तिका को ले जा सकते हैं।

**4.** कृपया सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पुस्तिका संख्या और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक क्रम संख्या एकसमान होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अभ्यर्थी को पर्यवेक्षक से प्रश्न पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक बदलवा लेनी चाहिए। परीक्षा प्रारंभ होने के पाँच मिनट के पश्चात् ऐसी शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**5.** सभी आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में भरना है। ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के बदलाव की अनुमति नहीं है।

**6.** इस प्रश्न पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के ऊपर अपना रोल नम्बर लिखना न भूलें। प्रश्न पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न मोड़ें।

**7.** अभ्यर्थी को दिए गए पाँच विकल्पों में से एक विकल्प भरना अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी को उत्तर नहीं पता है, तो उसे पाँचवाँ विकल्प (विकल्प Ⓔ) भरना होगा। पाँचवाँ विकल्प भरने के लिए पाँच मिनट अतिरिक्त दिए जाएँगे। पाँचवाँ विकल्प भरने पर कोई अंक नहीं दिए जाएँगे क्योंकि इससे यह संकेत मिलता है कि अभ्यर्थी ने उस प्रश्न का प्रयास नहीं किया है।

| CORRECT METHOD/सही तरीका | WRONG METHODS/ग़लत तरीके |
|---|---|



**8.** There shall be no negative marking for a wrong option having been filled. In case a candidate does not wish to attempt a question, he/she will need to fill in the fifth option/bubble in the OMR Answer Sheet. Failure to do so shall result in deduction of one mark.

**8.** ग़लत विकल्प भरने पर कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। यदि अभ्यर्थी कोई प्रश्न हल नहीं करना चाहता है, तो उसे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में पाँचवाँ विकल्प/गोला भरना होगा। ऐसा न करने पर एक अंक काटा जाएगा।



*(Read the instructions on last page of this question booklet.)*

*(इस प्रश्न पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ में दिए हुए निर्देश को पढ़ें।)*

1. Which of the following statements about traditional Haryanvi literary and cultural forms is ***incorrect*** ?

(A) Ratvai is a dance associated with the Mewati tribe.

(B) Ragini is a popular form of narrative poetry in Haryanvi.

(C) Sang (Swang) is a folk theatre combining music and drama.

(D) Jhumar Dance is performed by men in a circular formation.

(E) Not attempted

2. Arrange the following districts in descending order of their Census 2011 population :
Hisar, Yamunanagar, Faridabad, Panipat

(A) Faridabad > Hisar > Yamunanagar > Panipat

(B) Faridabad > Hisar > Panipat > Yamunanagar

(C) Hisar > Faridabad > Panipat > Yamunanagar

(D) Faridabad > Panipat > Hisar > Yamunanagar

(E) Not attempted

3. Which award is annually conferred by the Haryana Kala Parishad for contributions to Haryanvi literature ?

(A) Saraswati Samman

(B) Vyasa Samman

(C) Haryana Gaurav Samman

(D) Pandit Lakhmi Chand Award

(E) Not attempted

4. What was the original name of the fort built by George Thomas which was later named Jahazgarh ?

(A) Georgegarh (B) Thomasgarh

(C) Bahadurgarh (D) Jhajjargarh

(E) Not attempted

1. पारंपरिक हरियाणवी साहित्यिक और सांस्कृतिक रूपों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***गलत*** है ?

(A) रतवई मेवाती जनजाति से जुड़ा एक नृत्य है।

(B) रागिनी हरियाणवी में कथात्मक काव्य का एक लोकप्रिय रूप है।

(C) सांग (स्वांग) एक लोक रंगमंच है जिसमें संगीत और नाटक का संयोजन होता है।

(D) झूमर नृत्य पुरुषों द्वारा गोलाकार विन्यास में किया जाता है।

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

2. निम्नलिखित जिलों को उनकी जनगणना 2011 की जनसंख्या के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
हिसार, यमुनानगर, फरीदाबाद, पानीपत

(A) फरीदाबाद > हिसार > यमुनानगर > पानीपत

(B) फरीदाबाद > हिसार > पानीपत > यमुनानगर

(C) हिसार > फरीदाबाद > पानीपत > यमुनानगर

(D) फरीदाबाद > पानीपत > हिसार > यमुनानगर

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

3. हरियाणा कला परिषद द्वारा हरियाणवी साहित्य में योगदान के लिए प्रतिवर्ष कौन-सा पुरस्कार प्रदान किया जाता है ?

(A) सरस्वती सम्मान

(B) व्यास सम्मान

(C) हरियाणा गौरव सम्मान

(D) पंडित लखमी चंद पुरस्कार

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

4. जॉर्ज थॉमस द्वारा निर्मित किले का मूल नाम क्या था जिसे बाद में जहाजगढ़ नाम दिया गया ?

(A) जॉर्जगढ़ (B) थॉमसगढ़

(C) बहादुरगढ़ (D) झज्जरगढ़

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**5.** Which of the following word best completes the relationship given below ?
Cell : Organism : : Brick : ?
(A) Building
(B) Wall
(C) Mason
(D) Cement
(E) Not attempted

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द नीचे दिए गए संबंध को सबसे अच्छे ढंग से पूरा करता है ?
कोशिका : जीव : : ईंट : ?
(A) इमारत
(B) दीवार
(C) मिस्त्री
(D) सीमेंट
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**6.** Find the odd one out :
(A) Violin (B) Flute (C) Guitar (D) Sitar
(E) Not attempted

**6.** विषम चुनिए :
(A) वायलिन (B) बाँसुरी (C) गिटार (D) सितार
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**7.** Kajal left home for a hospital. She travelled 5 km towards East, then turned towards South-East to travel another 10 km, then again she turned towards North-East to travel 10 km and finally, she reached the hospital. In which direction is the hospital with respect to her home ?
(A) North (B) West (C) South (D) East
(E) Not attempted

**7.** काजल घर से अस्पताल के लिए निकली। वह पूर्व की ओर 5 किमी चली, फिर दक्षिण-पूर्व की ओर मुड़कर 10 किमी चली, फिर वह उत्तर-पूर्व की ओर मुड़कर 10 किमी चली और अंत में वह अस्पताल पहुँच गई। उसके घर के सापेक्ष अस्पताल किस दिशा में है ?
(A) उत्तर (B) पश्चिम (C) दक्षिण (D) पूर्व
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**8.** Find the odd one out :
(A) 169
(B) 91
(C) 187
(D) 143
(E) Not attempted

**8.** विषम चुनिए :
(A) 169
(B) 91
(C) 187
(D) 143
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**9.** What is the value of the following expression ?
$(3{\cdot}2 \times 1{\cdot}5) + (6{\cdot}72 \div 0{\cdot}8) - (2{\cdot}1)^2$
(A) 13·21 (B) 4·8
(C) 8·79 (D) 10·99
(E) Not attempted

**9.** निम्नलिखित व्यंजक का मान क्या है ?
$(3{\cdot}2 \times 1{\cdot}5) + (6{\cdot}72 \div 0{\cdot}8) - (2{\cdot}1)^2$
(A) 13·21 (B) 4·8
(C) 8·79 (D) 10·99
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

10. After interchanging + & × and 12 &18, which of the following equations will hold true ?
(A) (18 + 6) × 12 = 90
(B) (9 + 12) × 18 = 60
(C) (12 + 18) × 12 = 72
(D) (12 + 6) × 18 = 36
(E) Not attempted

11. Haryana shares its boundary with how many Indian States, excluding Delhi ?
(A) 5 (B) 6
(C) 7 (D) 4
(E) Not attempted

12. Only three of the options can be formed using the letters of the given word CELEBRATION, using each letter only once. One option cannot be formed. Find that word.
(A) ACTION (B) TABLE
(C) BRACE (D) ELECTRIC
(E) Not attempted

13. In which year was the Circuit House converted into the residence-cum-office of the Governor and made Raj Bhavan Haryana ?
(A) 1976 (B) 1966 (C) 1986 (D) 1956
(E) Not attempted

14. What is the minimum educational qualification required for a Scheduled Caste (SC) woman candidate contesting the post of Panch in Haryana Panchayati Raj Institutions elections ?
(A) 10th pass (B) 5th pass
(C) 8th pass (D) 12th pass
(E) Not attempted

15. In a certain code, 'BASKET' is written as '5$3%#1' and 'TRIED' is written as '14★#2'. How will 'SKIRT' be written in that code ?
(A) 3%#41 (B) 3%★41
(C) 3★%41 (D) 3#4%1
(E) Not attempted

10. + & × तथा 12 & 18 को आपस में बदलने पर, निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सत्य होगा ?
(A) (18 + 6) × 12 = 90
(B) (9 + 12) × 18 = 60
(C) (12 + 18) × 12 = 72
(D) (12 + 6) × 18 = 36
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

11. हरियाणा की सीमा, दिल्ली को छोड़कर, कितने भारतीय राज्यों के साथ लगती है ?
(A) 5 (B) 6
(C) 7 (D) 4
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

12. दिए गए शब्द CELEBRATION के अक्षरों का उपयोग करके केवल तीन विकल्प बनाए जा सकते हैं, जबकि प्रत्येक अक्षर का उपयोग केवल एक बार किया जाता है। एक विकल्प नहीं बनाया जा सकता। वह शब्द ढूँढ़िए।
(A) ACTION (B) TABLE
(C) BRACE (D) ELECTRIC
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

13. सर्किट हाउस को किस वर्ष राज्यपाल के निवास-सह-कार्यालय में परिवर्तित किया गया और वह हरियाणा राज भवन बन गया ?
(A) 1976 (B) 1966 (C) 1986 (D) 1956
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

14. हरियाणा पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में पंच के पद के लिए चुनाव लड़ने वाली अनुसूचित जाति (एससी) की महिला उम्मीदवार के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता क्या है ?
(A) 10वीं पास (B) 5वीं पास
(C) 8वीं पास (D) 12वीं पास
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

15. एक निश्चित कोड में, 'BASKET' को '5$3%#1' और 'TRIED' को '14★#2' लिखा जाता है। उस कोड में 'SKIRT' को कैसे लिखा जाएगा ?
(A) 3%#41 (B) 3%★41
(C) 3★%41 (D) 3#4%1
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

16. Three friends had dinner at a restaurant. When the bill was received, Amita paid 2/3 as much as Veena paid and Veena paid 1/2 as much as Tanya paid. What fraction of the bill did Veena pay ?

(A) 3/11 (B) 1/3 (C) 5/11 (D) 4/11

(E) Not attempted

17. What is the name of the Haryana Government scheme that compensates farmers when market prices fall below MSP ?

(A) Meri Fasal Mera Byora

(B) Krishi Sinchai Yojana

(C) PM-KISAN Samman Nidhi

(D) Bhavantar Bharpai Yojana

(E) Not attempted

18. What is the primary objective of the "Manohar Jyoti" scheme launched by HAREDA (Haryana Renewable Energy Development Agency) ?

(A) To supply LED-based solar home lighting systems to households

(B) To promote electric vehicles through subsidies

(C) To install solar power plants on government buildings

(D) To provide solar water pumps to farmers for irrigation purposes

(E) Not attempted

19. Which ancient river, often mentioned in Vedic texts, is believed to have flowed through present-day Haryana and its revival is a current project ?

(A) Asikni

(B) Shutudri

(C) Vipasha

(D) Saraswati

(E) Not attempted

16. तीन दोस्तों ने एक रेस्टोरेंट में खाना खाया। जब बिल मिला, तो अमिता ने वीना के भुगतान का 2/3 भुगतान किया और वीना ने तान्या के भुगतान का 1/2 भुगतान किया। वीना ने बिल का कितना हिस्सा चुकाया ?

(A) 3/11 (B) 1/3 (C) 5/11 (D) 4/11

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

17. हरियाणा सरकार की उस योजना का क्या नाम है जो बाज़ार मूल्य एमएसपी से नीचे गिरने पर किसानों को मुआवजा देती है ?

(A) मेरी फसल मेरा ब्यौरा

(B) कृषि सिंचाई योजना

(C) पीएम-किसान सम्मान निधि

(D) भावांतर भरपाई योजना

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

18. हरेडा (हरियाणा अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी) द्वारा शुरू की गई "मनोहर ज्योति" योजना का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?

(A) घरों में एलईडी-आधारित सौर घरेलू प्रकाश व्यवस्था की आपूर्ति करना

(B) सब्सिडी के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना

(C) सरकारी भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना

(D) सिंचाई के लिए किसानों को सौर जल पंप उपलब्ध कराना

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

19. वैदिक ग्रंथों में अकसर वर्णित कौन-सी प्राचीन नदी वर्तमान हरियाणा से होकर बहती थी तथा इसका पुनरुद्धार एक वर्तमान परियोजना है ?

(A) असिक्नी

(B) शुतुदरी

(C) विपाशा

(D) सरस्वती

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

20. Which of the following is the State Tree of Haryana ?

(A) Peepal
(B) Neem
(C) Mango
(D) Banyan
(E) Not attempted

20. निम्नलिखित में से कौन-सा हरियाणा का राज्य वृक्ष है ?

(A) पीपल
(B) नीम
(C) आम
(D) वट वृक्ष (बरगद)
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

21. What does the BCC field in an email stand for ?

(A) Broadcast Carbon Copy
(B) Background Central Copy
(C) Backup Communication Copy
(D) Blind Carbon Copy
(E) Not attempted

21. ईमेल में BCC फ़ील्ड का क्या अर्थ है ?

(A) ब्रॉडकास्ट कार्बन कॉपी
(B) बैकग्राउंड सेंट्रल कॉपी
(C) बैकअप कम्यूनिकेशन कॉपी
(D) ब्लाइंड कार्बन कॉपी
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

22. Match Backup media (Column A) with its Description (Column B) :

| *Column A (Backup media)* | | *Column B (Description)* |
|---|---|---|
| a. Tape Drive | i. | Cheap but slower, optical media |
| b. SSD Backup Disk | ii. | Fast random access, durable |
| c. Cloud Backup | iii. | Remote, internet-based storage |
| d. DVD Archive | iv. | Sequential-access, low cost per TB |

**Codes :**

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(B) a-ii, b-iv, c-i, d-iii
(C) a-iii, b-i, c-iv, d-ii
(D) a-iv, b-ii, c-iii, d-i
(E) Not attempted

22. बैकअप मीडिया (कॉलम A) को इसके विवरण (कॉलम B) से मिलान कीजिए :

| *कॉलम A (बैकअप मीडिया)* | | *कॉलम B (विवरण)* |
|---|---|---|
| a. टेप ड्राइव | i. | सस्ता लेकिन धीमा, ऑप्टिकल मीडिया |
| b. SSD बैकअप डिस्क | ii. | तेज़ यादृच्छिक अभिगम, टिकाऊ |
| c. क्लाउड बैकअप | iii. | रिमोट, इंटरनेट-आधारित स्टोरेज |
| d. डीवीडी आर्काइव | iv. | अनुक्रमिक-अभिगम, प्रति टीबी कम लागत |

**कूट :**

(A) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(B) a-ii, b-iv, c-i, d-iii
(C) a-iii, b-i, c-iv, d-ii
(D) a-iv, b-ii, c-iii, d-i
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

23. Which of the following statements is ***incorrect*** ?
(A) Windows 10 Pro is a single-user operating system.
(B) Windows supports a Graphical User Interface (GUI).
(C) Windows 10 Pro supports remote access.
(D) Windows allows file compression.
(E) Not attempted

24. What is the name of the Haryana State Culture Policy approved by the Haryana Cabinet in 2019 ?
(A) Kala Virasat Haryana Neeti
(B) Sanskriti Vikas Haryana Neeti
(C) Kala Vikas Neeti
(D) Kalash Neeti
(E) Not attempted

25. Which file format is best suited to store scanned documents while preserving OCR-readable text layers ?
(A) TIFF
(B) PDF
(C) PNG
(D) JPEG
(E) Not attempted

26. Which of the following trees are commonly found on the slopes of Morni Hills ?
(A) Deodar and Cedar
(B) Bamboo and Teak
(C) Neem, Oak, Pipal, and Jacaranda
(D) Eucalyptus and Sal
(E) Not attempted

27. Which of the following is the correct order from smallest to largest unit of digital information ?
(A) Kilobyte, Megabyte, Gigabyte, Terabyte
(B) Megabyte, Kilobyte, Gigabyte, Terabyte
(C) Gigabyte, Terabyte, Megabyte, Kilobyte
(D) Kilobyte, Gigabyte, Megabyte, Terabyte
(E) Not attempted

23. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***गलत*** है ?
(A) विंडोज़ 10 प्रो एक सिंगल-यूजर ऑपरेटिंग सिस्टम है।
(B) विंडोज़ ग्राफिकल यूजर इंटरफेस (GUI) का समर्थन करता है।
(C) विंडोज़ 10 प्रो रिमोट एक्सेस (सुदूर अभिगम) का समर्थन करता है।
(D) विंडोज़ फ़ाइल संपीडन की अनुमति देता है।
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

24. 2019 में हरियाणा मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित हरियाणा राज्य संस्कृति नीति का नाम क्या है ?
(A) कला विरासत हरियाणा नीति
(B) संस्कृति विकास हरियाणा नीति
(C) कला विकास नीति
(D) कलश नीति
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

25. OCR-पठनीय पाठ परतों को संरक्षित करते हुए स्कैन किए गए दस्तावेज़ों को संग्रहीत करने के लिए कौन-सा फ़ाइल प्रारूप सबसे उपयुक्त है ?
(A) TIFF
(B) PDF
(C) PNG
(D) JPEG
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

26. निम्नलिखित में से कौन-से पेड़ सामान्यतः मोरनी पहाड़ियों की ढलानों पर पाए जाते हैं ?
(A) देवदार और सीडर
(B) बाँस और सागवान
(C) नीम, ओक, पीपल, और जकरंदा
(D) यूकेलिप्टस और साल
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

27. डिजिटल सूचना की सबसे छोटी से सबसे बड़ी इकाई का सही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है ?
(A) किलोबाइट, मेगाबाइट, गीगाबाइट, टेराबाइट
(B) मेगाबाइट, किलोबाइट, गीगाबाइट, टेराबाइट
(C) गीगाबाइट, टेराबाइट, मेगाबाइट, किलोबाइट
(D) किलोबाइट, गीगाबाइट, मेगाबाइट, टेराबाइट
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

28. A invests ₹ 50,000 for 8 months, while B invests ₹ 80,000 for 6 months in a venture. What should be the profit sharing ratio of A : B ?

(A) 1 : 1 (B) 5 : 8 (C) 8 : 5 (D) 5 : 6

(E) Not attempted

29. A trader offers two successive discounts of 20% and x on an item marked at ₹ 2,000. If final selling price is ₹ 1,280, find x.

(A) 25% (B) 20%

(C) 33·33% (D) 10%

(E) Not attempted

30. A conical tent of radius 7 m and height 24 m is being made. If cloth costs ₹ 10 per square metre, then what is the total cost to cover it from the outside ? (Use π = 22/7)

(A) ₹ 5,750 (B) ₹ 5,500

(C) ₹ 4,800 (D) ₹ 6,000

(E) Not attempted

31. A machine produces 1 unit every 2·5 minutes. If its efficiency drops by 10% after 2 hours of continuous operation, how many units will it produce in a 5-hour shift ?

(A) 110·8 (B) 130

(C) 112·8 (D) 108

(E) Not attempted

32. A manufacturer sells an item to a shopkeeper at a profit of 25% on his (the manufacturer's) cost price. The shopkeeper then sells the same item to a customer for ₹ 500, making a profit of 20% on the selling price. What was the manufacturer's original cost price for the item ?

(A) ₹ 300 (B) ₹ 400

(C) ₹ 240 (D) ₹ 320

(E) Not attempted

28. A किसी उद्यम में 8 महीने के लिए ₹ 50,000 निवेश करता है, जबकि B, 6 महीने के लिए ₹ 80,000 निवेश करता है। A : B का लाभ विभाजन अनुपात क्या होना चाहिए ?

(A) 1 : 1 (B) 5 : 8 (C) 8 : 5 (D) 5 : 6

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

29. एक व्यापारी ₹ 2,000 मूल्य की एक वस्तु पर 20% और x की दो क्रमिक छूट प्रदान करता है। यदि अंतिम विक्रय मूल्य ₹ 1,280 है, तो x ज्ञात कीजिए।

(A) 25% (B) 20%

(C) 33·33% (D) 10%

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

30. 7 मीटर त्रिज्या और 24 मीटर ऊँचाई वाला एक शंक्वाकार तम्बू बनाया जा रहा है। यदि कपड़े की लागत ₹ 10 प्रति वर्ग मीटर है, तो इसे बाहर से ढकने की कुल लागत क्या है ? (π = 22/7 का उपयोग कीजिए)

(A) ₹ 5,750 (B) ₹ 5,500

(C) ₹ 4,800 (D) ₹ 6,000

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

31. एक मशीन प्रत्येक 2·5 मिनट में 1 यूनिट का उत्पादन करती है। यदि 2 घंटे के निरंतर संचालन के बाद इसकी दक्षता 10% कम हो जाती है, तो यह 5 घंटे की शिफ्ट में कितने यूनिट का उत्पादन करेगी ?

(A) 110·8 (B) 130

(C) 112·8 (D) 108

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

32. एक निर्माता, एक दुकानदार को एक वस्तु उसके (निर्माता के) लागत मूल्य पर 25% के लाभ पर बेचता है। फिर दुकानदार उसी वस्तु को एक ग्राहक को ₹ 500 में बेचता है, जिससे उसे विक्रय मूल्य पर 20% का लाभ होता है। वस्तु के लिए निर्माता का मूल लागत मूल्य क्या था ?

(A) ₹ 300 (B) ₹ 400

(C) ₹ 240 (D) ₹ 320

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**33.** Who chairs the Goods and Services Tax (GST) Council in India ?
(A) RBI Governor
(B) Union Finance Minister
(C) Finance Secretary
(D) Prime Minister
(E) Not attempted

**33.** भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की अध्यक्षता कौन करता है ?
(A) आरबीआई गवर्नर
(B) केंद्रीय वित्त मंत्री
(C) वित्त सचिव
(D) प्रधान मंत्री
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**34.** Which pollutants are the primary focus under NCAP ?
(A) Nitrogen Dioxide and Carbon Monoxide
(B) Lead and Mercury
(C) PM2.5 and PM10
(D) Sulphur Dioxide and Ozone
(E) Not attempted

**34.** एनसीएपी (NCAP) के अंतर्गत कौन-से प्रदूषकों पर प्राथमिक ध्यान दिया गया है ?
(A) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड
(B) सीसा और पारा
(C) पीएम2.5 और पीएम10
(D) सल्फर डाइऑक्साइड और ओज़ोन
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**35.** Identify the ***incorrect*** pair :
(A) OPEC – Climate agreement
(B) NAFTA – North American Free Trade Area
(C) BRICS – Developing economies
(D) GATT – Predecessor of WTO
(E) Not attempted

**35.** ***गलत*** युग्म की पहचान कीजिए :
(A) ओपेक – जलवायु समझौता
(B) नाफ्टा – उत्तरी अमेरिकी मुक्त व्यापार क्षेत्र
(C) ब्रिक्स – विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ
(D) गैट (GATT) – डब्ल्यूटीओ (WTO) का पूर्ववर्ती
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**36.** Which of the following is ***not*** an objective of the South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC) ?
(A) To establish a unified political system across member states
(B) To strengthen cooperation among themselves in international forums on matters of common interest
(C) To promote the welfare of the people of South Asia and to improve their quality of life
(D) To accelerate economic growth, social progress and cultural development in the region
(E) Not attempted

**36.** निम्नलिखित में से कौन-सा दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) का उद्देश्य ***नहीं*** है ?
(A) सदस्य देशों में एकीकृत राजनीतिक व्यवस्था स्थापित करना
(B) अंतर्राष्ट्रीय मंचों में साझा हित के मामलों पर आपस में सहयोग को मजबूत करना
(C) दक्षिण एशिया के लोगों के कल्याण को बढ़ावा देना और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना
(D) क्षेत्र में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सांस्कृतिक विकास में तेजी लाना
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**37.** Consider the following statements about the Comptroller and Auditor General (CAG) of India :

I. The CAG is appointed by the President of India.

II. The CAG can be removed by the Prime Minister.

III. The CAG audits the accounts of both the Union and State governments.

IV. The CAG submits audit reports directly to the Finance Minister.

Which of the above statements are true ?

(A) I and III only
(B) I, III and IV only
(C) II and IV only
(D) I and II only
(E) Not attempted

**37.** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. CAG की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

II. CAG को प्रधान मंत्री द्वारा हटाया जा सकता है।

III. CAG केंद्र और राज्य सरकारों दोनों के लेखों की लेखापरीक्षा करता है।

IV. CAG लेखापरीक्षा रिपोर्ट सीधे वित्त मंत्री को प्रस्तुत करता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं ?

(A) केवल I और III
(B) केवल I, III और IV
(C) केवल II और IV
(D) केवल I और II
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**38.** Which one of the following is ***not*** associated with Harappan culture ?

(A) Drainage system
(B) Great Bath
(C) Iron tools
(D) Bricks and Beads
(E) Not attempted

**38.** निम्नलिखित में से कौन-सा हड़प्पा संस्कृति से संबंधित ***नहीं*** है ?

(A) जल-निकासी व्यवस्था
(B) विशाल स्नानागार
(C) लोहे के औज़ार
(D) ईंटें और मनके
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**39.** Which country assumed the BRICS presidency in 2025 following Russia ?

(A) South Africa
(B) India
(C) China
(D) Brazil
(E) Not attempted

**39.** रूस के बाद 2025 में ब्रिक्स की अध्यक्षता किस देश ने ग्रहण की ?

(A) दक्षिण अफ्रीका
(B) भारत
(C) चीन
(D) ब्राज़ील
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**40.** Complete the series :
4, 7, 13, 25, 49, ?

(A) 91 (B) 85 (C) 101 (D) 97
(E) Not attempted

**40.** श्रृंखला पूरी कीजिए :
4, 7, 13, 25, 49, ?

(A) 91 (B) 85 (C) 101 (D) 97
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**41.** Which one set of letters when sequentially placed at the gaps in the given letter series shall complete it ?

gfe _ ig _ eii _ fei _ gf_ ii

(A) ifgie (B) figie

(C) ifige (D) eifgi

(E) Not attempted

**42.** Three tasks must be completed, each taking one hour :

Task 1 : Needs Anita and Babita

Task 2 : Needs Babita and Cheenu

Task 3 : Needs Anita and Cheenu

Only one task can be worked on at a time. No person can participate in two tasks simultaneously. What is the minimum total time to complete all three tasks ?


(A) 2·5 hours (B) 2 hours

(C) 3·5 hours (D) 3 hours

(E) Not attempted


**43.** Select a figure from the Answer Figures which will continue the same series as established by the five Question Figures.


**Question Figures :**





(1) (2) (3) (4) (5)

**Answer Figures :**

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

(E) Not attempted

**44.** Which location is renowned for hosting the Mango Mela every summer ?

(A) Faridabad (B) Panipat

(C) Karnal (D) Pinjore

(E) Not attempted

**41.** अक्षरों का कौन-सा समूह दी गई अक्षर श्रृंखला में रिक्त स्थानों पर क्रमिक रूप से रखे जाने पर उसे पूरा करेगा ?

gfe _ ig _ eii _ fei _ gf_ ii

(A) ifgie (B) figie

(C) ifige (D) eifgi

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**42.** तीन कार्य पूरे करने होंगे, जिनमें से प्रत्येक में एक घंटा लगेगा :

कार्य 1 : अनिता और बबीता की आवश्यकता है

कार्य 2 : बबीता और चीनू की आवश्यकता है

कार्य 3 : अनिता और चीनू की आवश्यकता है

एक समय में केवल एक ही कार्य किया जा सकता है। कोई भी व्यक्ति एक साथ दो कार्यों में भाग नहीं ले सकता।

तीनों कार्यों को पूरा करने के लिए न्यूनतम कुल समय क्या है ?


(A) 2·5 घंटे (B) 2 घंटे

(C) 3·5 घंटे (D) 3 घंटे

(E) उत्तर नहीं देना चाहते


**43.** उत्तर आकृतियों में से एक आकृति का चयन कीजिए जो पाँच प्रश्न आकृतियों द्वारा स्थापित श्रृंखला को जारी रखेगी।


**प्रश्न आकृतियाँ :**





(1) (2) (3) (4) (5)

**उत्तर आकृतियाँ :**

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**44.** हर गर्मियों में आम मेले के आयोजन के लिए कौन-सा स्थान प्रसिद्ध है ?

(A) फरीदाबाद (B) पानीपत

(C) करनाल (D) पिंजौर

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**45.** Consider the following statements about Haryana's folk music :

I. 'Bara Masa' is a popular musical form that expresses the emotional journey of separated lovers through the twelve months.

II. 'Jhoolna' songs are associated with religious ceremonies and sung during death rituals.

III. 'Phag' is a seasonal form of music sung during the Holi festival and expresses joy and playfulness.

Which of the above statements is/are true ?

(A) I, II, and III (B) I and II only

(C) I and III only (D) I only

(E) Not attempted

**45.** हरियाणा के लोक संगीत के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. 'बारा मासा' एक लोकप्रिय संगीत रूप है जो बारह महीनों के दौरान बिछड़े प्रेमियों की भावनात्मक यात्रा को व्यक्त करती है।

II. 'झूलना' गीत धार्मिक समारोहों से जुड़े होते हैं और मृत्यु संस्कार के दौरान गाए जाते हैं।

III. 'फाग' होली के त्योहार के दौरान गाया जाने वाला संगीत का एक मौसमी रूप है और यह खुशी और चंचलता को व्यक्त करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं ?

(A) I, II और III (B) केवल I और II

(C) केवल I और III (D) केवल I

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**46.** Which of the following statements are true regarding DRIISHYA ?

I. Haryana launched DRIISHYA for surveying infrastructure projects.

II. DRIISHYA was launched in 2023.

III. DRIISHYA is headquartered in Gurugram.

IV. DRIISHYA provides drone pilot training to the youth in Haryana.

**Options :**

(A) I, II and IV only (B) III and IV only

(C) I and II only (D) II and IV only

(E) Not attempted

**46.** डीआरआईआईएसएचवाईए (DRIISHYA) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं ?

I. हरियाणा ने बुनियादी ढाँचा (अवसंरचना) परियोजनाओं के सर्वेक्षण के लिए DRIISHYA लॉन्च किया।

II. DRIISHYA को 2023 में लॉन्च किया गया था।

III. DRIISHYA का मुख्यालय गुरुग्राम में है।

IV. DRIISHYA हरियाणा में युवाओं को ड्रोन पायलट प्रशिक्षण प्रदान करता है।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और IV (B) केवल III और IV

(C) केवल I और II (D) केवल II और IV

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**47.** A farmer looks out into his farm and sees both chickens and cows. He counts a total of 30 heads and 74 legs. Assuming every animal has exactly one head, how many chickens does the farmer have ?

(A) 18 (B) 15 (C) 7 (D) 23


(E) Not attempted

**47.** एक किसान अपने खेत में देखता है और मुर्गियाँ और गाय दोनों देखता है। वह कुल 30 सिर और 74 पैर गिनता है। यह मानते हुए कि हर जानवर का एक ही सिर है, किसान के पास कितनी मुर्गियाँ हैं ?

(A) 18 (B) 15 (C) 7 (D) 23

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**48.** If triangle represents Men, rectangle represents Businessmen and circle represents Millionaires, then which number represents Men that are both Businessmen and Millionaires ?





(A) 13 (B) 10 (C) 11 (D) 12


(E) Not attempted


**49.** A piece of paper is folded and then holes are punched in it, as shown in the Question Figures. From the given Answer Figures, indicate how it will appear when opened.


**Question Figures :**




**Answer Figures :**

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 


(E) Not attempted

**50.** A scored 20% more than B. B scored 25% less than C. If C scored 80, what is A's score ?

(A) 72 (B) 76 (C) 80 (D) 84

(E) Not attempted

**48.** यदि त्रिभुज पुरुषों को दर्शाता है, आयत व्यवसायियों को दर्शाता है और वृत्त करोड़पति को दर्शाता है, तो कौन-सी संख्या उन पुरुषों को दर्शाती है जो व्यवसायी और करोड़पति दोनों हैं ?





(A) 13 (B) 10 (C) 11 (D) 12


(E) उत्तर नहीं देना चाहते


**49.** कागज़ के एक टुकड़े को मोड़ा जाता है और फिर उसमें छेद किए जाते हैं, जैसा कि प्रश्न आकृतियों में दिखाया गया है। दी गई उत्तर आकृतियों से बताइए कि खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा।


**प्रश्न आकृतियाँ :**




**उत्तर आकृतियाँ :**

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**50.** A ने B से 20% अधिक अंक प्राप्त किए। B ने C से 25% कम अंक प्राप्त किए। यदि C ने 80 अंक प्राप्त किए, तो A के अंक कितने हैं ?

(A) 72 (B) 76 (C) 80 (D) 84

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**51.** If 3A = 2B = 4C, then what is A : B : C ?

(A) 2 : 3 : 5 (B) 4 : 6 : 5

(C) 2 : 3 : 4 (D) 4 : 6 : 3

(E) Not attempted

**52.** Which of the following pairs of scientific inventions and scientists is ***incorrect*** ?

(A) X-rays – Roentgen

(B) Periodic Table – Mendeleev

(C) Radio – Rutherford

(D) Penicillin – Fleming

(E) Not attempted

**53.** Which of these gives an ***incorrect*** relation between HCF and LCM ?

(A) a and b are both divisble by HCF (a, b)

(B) HCF ≤ min (a, b)

(C) HCF (a, b) × LCM (a, b) = a/b

(D) LCM ≥ max (a, b)

(E) Not attempted

**54.** Fill in the blank :

If $a^2 + b^2 = 29$ and ab = 10, then a + b = __________.

(A) 14 (B) 9

(C) ±14 (D) ±7

(E) Not attempted

**55.** Which of the following 'data set-to-average' pairs is ***incorrectly*** matched ?

(A) [2, 4, 6, 8] → 5 (B) [3, 5, 7, 9] → 7

(C) [1, 3, 5, 7] → 4 (D) [4, 6, 8] → 6

(E) Not attempted

**56.** Which of the following is the highest peak in Haryana ?

(A) Riwasa Hill

(B) Karoh Peak

(C) Dhosi Hill

(D) Khanak Hill

(E) Not attempted

**51.** यदि 3A = 2B = 4C है, तो A : B : C क्या है ?

(A) 2 : 3 : 5 (B) 4 : 6 : 5

(C) 2 : 3 : 4 (D) 4 : 6 : 3

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**52.** निम्नलिखित में से वैज्ञानिक आविष्कारों और वैज्ञानिकों का कौन-सा युग्म ***गलत*** है ?

(A) एक्स-रे – रोएंटजेन

(B) आवर्त सारणी – मेंडेलीव

(C) रेडियो – रदरफोर्ड

(D) पेनिसिलिन – फ्लेमिंग

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**53.** इनमें से कौन-सा HCF और LCM के बीच ***गलत*** संबंध देता है ?

(A) a और b दोनों HCF (a, b) से विभाज्य हैं

(B) HCF ≤ min (a, b)

(C) HCF (a, b) × LCM (a, b) = a/b

(D) LCM ≥ max (a, b)

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**54.** रिक्त स्थान भरिए :

यदि $a^2 + b^2 = 29$ और ab = 10, तो a + b = __________.

(A) 14 (B) 9

(C) ±14 (D) ±7

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**55.** निम्नलिखित में से कौन-से 'डेटा सेट-से-औसत' युग्म का मिलान ***गलत*** है ?

(A) [2, 4, 6, 8] → 5 (B) [3, 5, 7, 9] → 7

(C) [1, 3, 5, 7] → 4 (D) [4, 6, 8] → 6

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**56.** निम्नलिखित में से हरियाणा की सबसे ऊँची चोटी कौन-सी है ?

(A) रिवासा पहाड़ी

(B) करोह चोटी

(C) धोसी पहाड़ी

(D) खनक पहाड़ी

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

57. Match the landmarks in Column A with their correct locations in Column B :

| *Column A (Landmark)* | | *Column B (Location)* |
|---|---|---|
| a. Brahma Sarovar | i. | Faridabad |
| b. Surajkund | ii. | Bhiwani |
| c. Tilyar Lake | iii. | Kurukshetra |
| d. Star Monument | iv. | Rohtak |

**Codes :**

(A) a-i, b-iv, c-ii, d-iii
(B) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(C) a-iii, b-i, c-iv, d-ii
(D) a-ii, b-i, c-iv, d-iii
(E) Not attempted

57. कॉलम A में दिए गए स्थलचिह्नों का कॉलम B में दिए गए उनके सही स्थानों से मिलान कीजिए :

| *कॉलम A (स्थलचिह्न)* | | *कॉलम B (स्थान)* |
|---|---|---|
| a. ब्रह्म सरोवर | i. | फरीदाबाद |
| b. सूरजकुंड | ii. | भिवानी |
| c. तिलयार झील | iii. | कुरुक्षेत्र |
| d. स्टार स्मारक | iv. | रोहतक |

**कूट :**

(A) a-i, b-iv, c-ii, d-iii
(B) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(C) a-iii, b-i, c-iv, d-ii
(D) a-ii, b-i, c-iv, d-iii
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

58. Which of the following is the correct group of physiographic divisions of the Ghaggar-Yamuna Plain in Haryana ?
(A) Malwa, Khadar, Doab and Rohilkhand
(B) Bhakra, Doab, Terai and Chaur
(C) Bangar, Khadar, Naili and Bet
(D) Bhabar, Terai, Khadar and Bundelkhand
(E) Not attempted

58. निम्नलिखित में से कौन-सा हरियाणा में घग्गर-यमुना मैदान के भूआकृतिक विभाजनों का सही समूह है ?
(A) मालवा, खादर, दोआब और रोहिलखंड
(B) भाखड़ा, दोआब, तराई और चौर
(C) बांगर, खादर, नैली और बेट
(D) भाबर, तराई, खादर और बुंदेलखंड
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

59. What was Firoz Shah Tughlaq's contribution to Haryana's irrigation ?
(A) Dam on Ghaggar River
(B) Lakes construction in Rohtak
(C) Water tax removal
(D) Yamuna Canal
(E) Not attempted

59. हरियाणा की सिंचाई में फ़िरोज़ शाह तुगलक का क्या योगदान था ?
(A) घग्गर नदी पर बाँध
(B) रोहतक में झीलों का निर्माण
(C) जल कर हटाना
(D) यमुना नहर
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**60.** What is the primary objective of the e-Adhigam initiative launched by the Haryana Government ?

(A) To offer scholarships for higher education abroad
(B) To provide free internet access in rural areas
(C) To distribute tablets to students in grades 10 to 12 for digital learning
(D) To establish new government schools in urban areas
(E) Not attempted

**60.** हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई ई-अधिगम पहल का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?

(A) विदेश में उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करना
(B) ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराना
(C) डिजिटल शिक्षा के लिए कक्षा 10 से 12 तक के विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित करना
(D) शहरी क्षेत्रों में नए सरकारी स्कूल स्थापित करना
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**61.** Consider the following statements about the Vardhana Dynasty :

I. Their initial capital, Sthanveshvara, was located in present-day Haryana.
II. King Harsha later relocated the dynasty's capital to Kanyakubja, a city in modern Uttar Pradesh.
III. The final capital of the dynasty was also known by its ancient name Thanesar.

Which of the above statements is/are true ?

(A) I only
(B) I and II only
(C) I, II and III
(D) II and III only
(E) Not attempted

**61.** वर्धन राजवंश के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. उनकी प्रारंभिक राजधानी, स्थानवेश्वर वर्तमान हरियाणा में स्थित थी।
II. राजा हर्ष ने बाद में राजवंश की राजधानी को आधुनिक उत्तर प्रदेश के एक शहर कान्यकुब्ज में स्थानांतरित कर दिया।
III. राजवंश की अंतिम राजधानी को उसके प्राचीन नाम थानेसर से भी जाना जाता था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं ?

(A) केवल I
(B) केवल I और II
(C) I, II और III
(D) केवल II और III
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**62.** Which ocean current is warm and helps keep Western Europe's climate moderate ?

(A) Humboldt
(B) Labrador
(C) Gulf Stream
(D) Canary
(E) Not attempted

**62.** कौन-सी महासागरीय धारा गर्म है और पश्चिमी यूरोप की जलवायु को मध्यम बनाए रखने में मदद करती है ?

(A) हम्बोल्ट
(B) लैब्राडोर
(C) गल्फ स्ट्रीम
(D) कैनरी
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**63.** Match the following Articles of the Indian Constitution in Column A with their respective Subject Matter in Column B :

| | *Column A (Article)* | | *Column B (Subject Matter)* |
|---|---|---|---|
| a. | Article 14 | i. | Protection of life and personal liberty |
| b. | Article 19 | ii. | Equality before law |
| c. | Article 21 | iii. | Right to freedom of speech and expression |
| d. | Article 32 | iv. | Right to constitutional remedies |

**Codes :**

(A) a-ii, b-i, c-iii, d-iv
(B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv
(C) a-iii, b-ii, c-i, d-iv
(D) a-i, b-iv, c-ii, d-iii
(E) Not attempted

**64.** The Saṅgīta Ratnākara, a treatise on music, was composed by which of the following musicians ?

(A) Swathi Thirunal
(B) Tansen
(C) Amir Khusrau
(D) Sharangadev
(E) Not attempted

**65.** Given the table below, which department has the lowest profit per employee ?

| *Department* | *No. of Employees* | *Profit (₹ in Lakhs)* |
|---|---|---|
| HR | 20 | 40 |
| IT | 80 | 70 |
| Operations | 50 | 50 |
| Sales | 60 | 30 |

(A) Sales (B) IT
(C) Operations (D) HR
(E) Not attempted

**63.** कॉलम A में दिए गए भारतीय संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों का कॉलम B में दिए गए उनसे संबंधित विषय-वस्तु से मिलान कीजिए :

| | *कॉलम A (अनुच्छेद)* | | *कॉलम B (विषय-वस्तु)* |
|---|---|---|---|
| a. | अनुच्छेद 14 | i. | प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण |
| b. | अनुच्छेद 19 | ii. | कानून (विधि) के समक्ष समानता |
| c. | अनुच्छेद 21 | iii. | वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार |
| d. | अनुच्छेद 32 | iv. | संवैधानिक उपचारों का अधिकार |

**कूट :**

(A) a-ii, b-i, c-iii, d-iv
(B) a-ii, b-iii, c-i, d-iv
(C) a-iii, b-ii, c-i, d-iv
(D) a-i, b-iv, c-ii, d-iii
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**64.** संगीत पर ग्रंथ, संगीत रत्नाकर की रचना निम्नलिखित में से किस संगीतकार ने की थी ?

(A) स्वाति थिरुनल
(B) तानसेन
(C) अमीर खुसरो
(D) शारंगदेव
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**65.** नीचे दी गई तालिका में, किस विभाग में प्रति कर्मचारी लाभ सबसे कम है ?

| *विभाग* | *कर्मचारियों की संख्या* | *लाभ (लाख ₹ में)* |
|---|---|---|
| HR | 20 | 40 |
| IT | 80 | 70 |
| परिचालन | 50 | 50 |
| बिक्री | 60 | 30 |

(A) बिक्री (B) IT
(C) परिचालन (D) HR
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

66. A train moving at 90 km/h takes 30 seconds to cross a bridge. It takes 18 seconds to cross a pole. Find the length of the bridge.

(A) 300 m (B) 450 m

(C) 350 m (D) 400 m

(E) Not attempted

66. 90 किमी/घंटा की गति से चलने वाली एक ट्रेन को एक पुल पार करने में 30 सेकंड लगते हैं। एक खंभे को पार करने में उसे 18 सेकंड लगते हैं। पुल की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(A) 300 m (B) 450 m

(C) 350 m (D) 400 m

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

67. If $x = \frac{\sqrt{3}+\sqrt{2}}{\sqrt{3}-\sqrt{2}}$ and $y = \frac{\sqrt{3}-\sqrt{2}}{\sqrt{3}+\sqrt{2}}$, then what is the value of $x^2 + y^2$ ?

(A) 49

(B) 25

(C) 50

(D) 98

(E) Not attempted

67. यदि $x = \frac{\sqrt{3}+\sqrt{2}}{\sqrt{3}-\sqrt{2}}$ और $y = \frac{\sqrt{3}-\sqrt{2}}{\sqrt{3}+\sqrt{2}}$ है, तो $x^2 + y^2$ का मान क्या है ?

(A) 49

(B) 25

(C) 50

(D) 98

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

68. A tower casts a shadow 20 m long when the sun's angle of elevation is 30°. What is the height of the tower ?

(A) $\frac{20}{\sqrt{2}}$ m

(B) 20 m

(C) 10 m

(D) $\frac{20}{\sqrt{3}}$ m

(E) Not attempted

68. एक टावर की छाया 20 मीटर लंबी होती है जब सूर्य का उन्नयन कोण 30° होता है। टावर की ऊँचाई कितनी है ?

(A) $\frac{20}{\sqrt{2}}$ m

(B) 20 m

(C) 10 m

(D) $\frac{20}{\sqrt{3}}$ m

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

69. Which of the following is a major Agro-Forestry species supporting wood-based industries in Haryana ?

(A) Deodar

(B) Poplar

(C) Sal

(D) Banyan tree

(E) Not attempted

69. निम्नलिखित में से किसे हरियाणा में लकड़ी-आधारित उद्योगों को समर्थन देने वाली प्रमुख कृषि वानिकी प्रजाति के रूप में जाना जाता है ?

(A) देवदार

(B) चिनार (पॉप्लर)

(C) साल

(D) वट वृक्ष (बरगद)

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

70. Consider the following statements regarding the Panchayati Raj system in Haryana :

I. The Zila Parishad is responsible for advising, supervising and coordinating the functions of the Panchayat Samitis within a district.

II. The Panchayat Samiti is the highest institution of the Panchayati Raj system at the district level.

III. Gram Panchayats directly supervise the activities of the Zila Parishad.

Which of the above statements is/are true ?

(A) I, II and III
(B) Only I
(C) I and III
(D) Only II
(E) Not attempted

70. हरियाणा में पंचायती राज व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. जिला परिषद एक जिले के भीतर पंचायत समितियों को सलाह देने, उनके पर्यवेक्षण और कार्यों के समन्वय के लिए जिम्मेदार है।

II. पंचायत समिति जिला स्तर पर पंचायती राज व्यवस्था की सर्वोच्च संस्था है।

III. ग्राम पंचायतें जिला परिषद की गतिविधियों की प्रत्यक्ष निगरानी करती हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं ?

(A) I, II और III
(B) केवल I
(C) I और III
(D) केवल II
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

71. What is the name of the radio programme launched by Department of Women and Child Development (DWCD), Haryana under Beti Bachao Beti Padhao scheme ?

(A) Mahri Beti Bachao
(B) Mahri Desh ki Beti
(C) Mahri Laado ki Awaaz
(D) Mahri Laado
(E) Not attempted

71. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग (डीडब्ल्यूसीडी), हरियाणा द्वारा शुरू किए गए रेडियो कार्यक्रम का नाम क्या है ?

(A) माहरी बेटी बचाओ
(B) माहरी देश की बेटी
(C) माहरी लाडो की आवाज़
(D) माहरी लाडो
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

72. Which institution is mainly responsible for procuring food grains at MSP for maintaining buffer stocks ?

(A) Commission for Agricultural Costs and Prices (CACP)
(B) Ministry of Agriculture
(C) Food Corporation of India (FCI)
(D) NABARD
(E) Not attempted

72. बफर स्टॉक बनाए रखने के लिए एमएसपी (MSP) पर खाद्यान्न खरीदने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी संस्था जिम्मेदार है ?

(A) कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी)
(B) कृषि मंत्रालय
(C) भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई)
(D) नाबार्ड
(E) उत्तर नहीं देना चाहते

73. Which of the following statements is ***incorrect*** ?

(A) Kiel Canal connects the Arctic Ocean to the Atlantic Ocean.

(B) Panama Canal connects the Atlantic Ocean to the Pacific Ocean.

(C) Bering Strait connects the Pacific Ocean to the Arctic Ocean.

(D) Suez Canal connects the Red Sea to the Mediterranean Sea.

(E) Not attempted

73. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***गलत*** है ?

(A) कील नहर आर्कटिक महासागर को अटलांटिक महासागर से जोड़ती है।

(B) पनामा नहर अटलांटिक महासागर को प्रशांत महासागर से जोड़ती है।

(C) बेरिंग जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) प्रशांत महासागर को आर्कटिक महासागर से जोड़ता है।

(D) स्वेज़ नहर लाल सागर को भूमध्य सागर से जोड़ती है।

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

74. Which of the following statements about internet security and privacy is ***incorrect*** ?

(A) Clearing your browser's cache can help free up some disk space.

(B) "HTTPS" indicates a secure connection for browsers.

(C) Using a VPN can enhance security on public Wi-Fi networks.

(D) Public Wi-Fi networks are generally secure for online activities.

(E) Not attempted

74. इंटरनेट सुरक्षा और गोपनीयता के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***गलत*** है ?

(A) अपने ब्राउज़र के कैश को खाली करने से कुछ डिस्क स्थान खाली करने में मदद मिल सकती है।

(B) "HTTPS" ब्राउज़र के लिए एक सुरक्षित कनेक्शन को इंगित करता है।

(C) VPN का उपयोग सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क पर सुरक्षा बढ़ा सकता है।

(D) सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क आमतौर पर ऑनलाइन गतिविधियों के लिए सुरक्षित होते हैं।

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

75. In early 2024, which Indian city launched the country's first underwater metro line ?

(A) Mumbai

(B) Kochi

(C) Kolkata

(D) Chennai

(E) Not attempted

75. 2024 की शुरुआत में, किस भारतीय शहर में देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो लाइन शुरू हुई ?

(A) मुंबई

(B) कोच्चि

(C) कोलकाता

(D) चेन्नई

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**76.** What is the antonym of "Meticulous" ?
(A) Precise
(B) Detailed
(C) Sloppy
(D) Careful
(E) Not attempted

**77.** In which sequence should the following parts be arranged to form a proper sentence ?

| the station / | reached / | before noon / | they |
|---|---|---|---|
| (I) | (II) | (III) | (IV) |

(A) II, IV, I, III
(B) I, II, IV, III
(C) IV, I, II, III
(D) IV, II, I, III
(E) Not attempted

**78.** Identify which part of the following sentence has an error.

| Each of the boys / | have submitted / |
|---|---|
| (I) | (II) |
| his assignment / | today. |
| (III) | (IV) |

(A) III
(B) I
(C) IV
(D) II
(E) Not attempted

**79.** Fill in the blanks :
As the plane _________ through the turbulence, passengers _________ their seatbelts tighter. The captain's calm voice reassured everyone.
(A) flew, fastened
(B) flying, held
(C) flew, grabbed
(D) flown, hold
(E) Not attempted

**80.** Fill in the blank :
It is essential that she ________ present at the meeting tomorrow.
(A) were
(B) be
(C) was
(D) is
(E) Not attempted

**81.** What is the synonym of "Ancient" ?
(A) Current
(B) Future
(C) Old
(D) Recent
(E) Not attempted

**82.** Which of the following options gives the grammatically correct sentence ?
(A) The report comprises five sections.
(B) The report is comprised of five sections.
(C) The report had comprised five sections.
(D) The report comprises of five sections.
(E) Not attempted

**83.** Fill in the blank :
By the time we got there, the train _________.
(A) leaves
(B) had left
(C) left
(D) has left
(E) Not attempted

**84.** Which of the following describes a person who does not believe in the existence of God ?
(A) Atheist (B) Agnostic
(C) Skeptic (D) Theist
(E) Not attempted

**85.** Fill in the blank :
They were finally able to ___________ after a long disagreement.
(A) burn the bridge
(B) bury the axe
(C) spill the beans
(D) bite the bullet
(E) Not attempted

**86.** निम्नलिखित में से 'अयोगवाह' है :

(A) अं, अः (B) द्र, ढ़ (C) र, ल (D) श्र, त्र

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**87.** 'स्थूल' का विलोम शब्द है :

(A) नश्वर (B) चेतन (C) सूक्ष्म (D) जड़

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**88.** 'वागीश' शब्द का सन्धि-विच्छेद है :

(A) वाक् + इश (B) वाग् + इश

(C) वाग + इश (D) वाक् + ईश

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**89.** 'यदि तुम पैसे दो तो मैं चलूँ।' वाक्य का प्रकार है :

(A) संदेहार्थक वाक्य (B) विधानार्थक वाक्य

(C) संकेतार्थक वाक्य (D) विस्मय बोधक वाक्य

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**90.** उपसर्ग युक्त शब्द ***नहीं*** है :

(A) अनन्त (B) अनीह (C) प्रेत (D) तेली

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**91.** 'शकुनि' किसका पर्यायवाची है ?

(A) युवक (B) देवता (C) पशु (D) खग

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**92.** रात को पहरा देने वाला' वाक्यांश में पदबंध है :

(A) संज्ञा पदबंध (B) विशेषण पदबंध

(C) सर्वनाम पदबंध (D) क्रिया पदबंध

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**93.** रति सम रमणीय मूर्ति राधा की। पंक्ति में अलंकार है :

(A) अनुप्रास (B) उपमा (C) रूपक (D) यमक

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**94.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. जिस वाक्य में एक उद्देश्य और एक विधेय है, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं।

II. जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य तथा एक या एक से अधिक आश्रित उपवाक्य हो, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं।

III. जिस वाक्य में दो या दो से अधिक साधारण वाक्य या प्रधान उपवाक्य किसी संयोजक शब्द से जुड़े हों, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं।

IV. ऐसे उपवाक्य जो प्रधान उपवाक्य या आश्रित उपवाक्य के समान अधिकार वाला हो, उसे समानाधिकरण उपवाक्य कहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(A) I, II और III (B) I, II, III और IV

(C) I, III और IV (D) II, III और IV

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**95.** 'यदि वह परिश्रम करता तो अवश्य सफल होता।' वाक्य में क्रिया का काल है :

(A) अपूर्ण वर्तमान (B) हेतुहेतुमद् भूत

(C) सम्भाव्य भविष्यत् (D) अपूर्ण भूत

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**96.** निम्नलिखित में से किसका उच्चारण स्थान मूर्द्धा ***नहीं*** है ?

(A) ऋ (B) ट (C) त (D) ष

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**97.** शुद्ध शब्द का चयन कीजिए :

(A) वधु (B) नुपुर (C) परिनाम (D) उज्ज्वल

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**98.** 'प्रतिष्ठा प्राप्त व्यक्ति' वाक्यांश के लिए सही शब्द है :

(A) लब्धप्रतिष्ठित (B) लब्धप्रतिष्ठा

(C) लब्धप्रतिष्ठ (D) सम्मानित

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**99.** दिए गए विकल्पों में तद्धित प्रत्यय का उदाहरण ***नहीं*** है :

(A) समझौता (B) बुद्धिमान (C) लालिमा (D) लुहार

(E) उत्तर नहीं देना चाहते

**100.** निम्नलिखित में से तत्पुरुष समास का सही समूह ***नहीं*** है :

(A) अमचूर, रामचरित, कवि पुंगव

(B) वन-गमन, दयार्द्र, जेबकतरा

(C) ध्यानमग्न, मझधार, पुच्छलतारा

(D) बलि-पशु, प्राप्तोदक, घृतान्न

(E) उत्तर नहीं देना चाहते